हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 29 जनवरी 2026

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

11 प्यारे बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



12 त्रैमासिक-अर्धवार्षिक का अंक लेकर तैयार किया...



## खबर संक्षेप

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक आज

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र के पंच कौशल की बैठक 29 जनवरी को सुबह 11.30 बजे श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखी गई है। बैठक में नवनिर्वाचित पाली पदाधिकारियों के कार्यभार व संगठन विस्तार एवं वार्षिक सम्मेलन की तिथि पर चर्चा की जायेगी।

### करेठा में 1 फरवरी को महतारी के मया

**धमतरी।** माघ पुन्नी मेला के अवसर पर ग्राम करेठा में 1 फरवरी को रात्रि में छत्तीसगढ़ लोक सांस्कृतिक नाचा पार्टी नर्राटोला महतारी के मया जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी पंचराम सिन्हा, नोहर सिन्हा ने दी।

### कुरमातराई में श्रीराम चरित मानस महोत्सव 30 से

**धमतरी।** ग्राम कुरमातराई में ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में श्रीराम चरित मानस महोत्सव का आयोजन 30 व 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को किया जा रहा है। 2 फरवरी सोमवार को पारंपरिक मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी उपसरपंच खिलेन्द्र साहू ने दी।

### सिर्वे में मानस सम्मेलन 30 से, मड़ई 2 फरवरी को

**जीजामगांव।** ग्राम सिर्वे में श्रीराम मानसगान आयोजक समिति एवं ग्रामीण विकास समिति के तत्वाधान में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक मानसगान सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम में छग अंचल की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। 2 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी गोपाल बलराम निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष कुलेश्वर ध्रुव एवं सोनजीत साहू ने दी।

### सौराबांधा में मानसगान 30 जनवरी से

**अमलीडीह (भखारा)।** ग्राम सौराबांधा में श्रीराम रसिक रामायण उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 30 व 31 जनवरी को मानसगान का आयोजन किया गया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भूषणसिंह कोर्राम केनरा बैंक रायपुर होंगे। अध्यक्षता गीतेश्वरी हेमंत साहू अध्यक्ष जपं कुरूद करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूजा सिन्हा, सतीश जैन, सोहनलाल नेताम, डिगेंद्र कोर्राम, सविता चोवाराम गंजीर, ओमप्रकाश मेश्राम, निरंजन साहू, टीकाराम साहू, लोकनाथ विश्वकर्मा, केशवराम धुव, पलटूराम मेश्राम, जयंत साहू, गुंजन साहू, मानसिंह नेताम, अंकित कश्यप, वेदप्रकाश साहू, गंभीर साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में ओमेश्वर गंजीर, रुपेश हिरवानी, जीवराखन साहू एवं समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### ऑयल पॉम की खेती के लिए विशेष प्रशिक्षण 4 को

**धमतरी।** केन्द्र और छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी नेशनल मिशन ऑन एडीबल ऑयल-ऑयल पॉम की खेती से खाद्य तेल में आत्मनिर्भर बनाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए योजना शुरू की गई है। उप संचालक, उद्यान श्रीमती पूजा कश्यप साहू ने बताया कि योजना के तहत ऑयल पॉम रोपण करने वाले किसानों को केन्द्र सरकार द्वारा देय अनुदान के अलावा राज्य शासन द्वारा विभिन्न घटकों में अतिरिक्त (टॉप-अप) अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसकी जानकारी और तकनीकी मार्गदर्शन के लिए बुधवार 4 फरवरी को सुबह 11 बजे शासकीय उद्यान रोपणी बेन्द्रानवागांव में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

---

पुलिस ने की सघन जांच, हर आने-जाने वालों की ली गई तलाशी

# कोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिला न्यायालय को बम से उड़ाने और जहर बम से आतंक मचाने की धमकी मिलने के बाद पूरे कोर्ट परिसर की सघन जांच की गई। इससे पहले भी राजनांदगांव सहित प्रदेश के कुछ कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। उस वक्त भी सघन जांच की गई थी। दोनों ही बार कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

जिला न्यायालय की एनआईसी ई-मेल आईडी में तमिलनाडु से धमकी भरा ई-मेल मिला। ई-मेल हिन्दी में लिखा था, जिसमें कोर्ट को कई मामलों में गलत और दोषी ठहराते हुए कोर्ट परिसर को बम को उड़ाने की धमकी दी गई थी। ई-मेल मिलने के बाद कोर्ट से इसे एसपी ऑफिस को फारवर्ड कर दिया गया। इस सूचना के बाद पुलिस महकमा भी अलर्ट हो गया। तत्काल ही बम स्क्वाड और डाग स्क्वाड कोर्ट पहुंची। यहां पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर पूरे कोर्ट परिसर की सघन जांच की गई। यही नहीं हर आने जाने वालों की बारीकी से तलाशी ली गई। कोर्ट कर्मचारियों के साथ अधिवक्ताओं की सुरक्षागत दृष्टिकोण से जांच की गई। इस दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध सामग्री नहीं मिली।

### जानकार व्यक्ति ने दी है धमकी

ई-मेल तमिलनाडु से आया है, लेकिन ई-मेल में हिन्दी भाषा का उपयोग किया गया है, वह बहुत अच्छे तरीके से। यानी ई-मेल भेजने वाला हिन्दी का अच्छा जानकार है। यही नहीं उसने बम बनाने के लिए अमोनियम नाइट्रेट का उपयोग करने की चेतावनी लिखी है। भोपाल गैस त्रासदी में उपयोग हुए गैस मिथाइल आइसोसाइनेट से जहर बम बनाकर कोर्ट में छोड़ने की बात भी कही गई है।

### कई जगहों पर ऐसा ही ई-मेल

जानकारी मिली है कि धमकी देने वाले ने सिर्फ धमतरी के जिला एवं सत्र न्यायालय को ई-मेल नहीं भेजा है, बल्कि प्रदेश के कई जिलों को यह ई-मेल फारवर्ड किया गया है। छत्तीसगढ़ से बाहर बिहार सहित अन्य प्रदेशों के कई जिले के कोर्ट को यह ई-मेल भेजा गया है। उन न्यायालयों में भी सघन जांच की गई। जानकारी के अनुसार अब तक किसी भी न्यायालय परिसर में संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

### बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था

सुबह ई-मेल से धमकी मिलने की जानकारी मिली। प्रथम दृष्टया यह ई-मेल अफवाह प्रतीत हो रहा है। इसके बाद भी सुरक्षागत कारणों से कोर्ट परिसर की सघन जांच की गई। कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था और तगड़ी कर दी गई है। ई-मेल कहां से आया, किसने भेजा है, इसकी जांच की जाएगी।

**- सूरजसिंह परिहार**, *पुलिस अधीक्षक*

---

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से राहगीर की मौत



■ कुरूद बाईपास अटल द्वार के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नेशनल हाईवे में बाईपास रोड अटल द्वार के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना सोमवार की शाम करीब 4:30 बजे हुई है।

पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भालूकोना निवासी चन्द्रिका प्रसाद बंजारे उम्र 54 वर्ष अपनी आंख का इलाज कराने सिविल अस्पताल कुरुद पैदल जा रहा था तभी कुरुद अटल गेट के पास अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसका सिर बुरी तरह से कुचल गया और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। साथ ही अज्ञात वाहन व चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

---

# मताई करते ट्रैक्टर खेत में पलटा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



■ केकराखोली की घटना

खेत की मताई के दौरान अचानक ट्रैक्टर के पलट जाने से चालक नीचे दब गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र के ग्राम केकराखोली निवासी जंगलूराम कुंजाम पिता प्रेमलाल उम्र 36 वर्ष किसानी का काम करता था। मंगलवार को युवक अपना ट्रैक्टर लेकर घर के खेत को मताने के लिए गया था। युवक ट्रैक्टर से खेत की मताई कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर मेड़ किनारे अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में चालक युवक ट्रैक्टर के नीचे बुरी तरह से दब गया। पिता प्रेमलाल के बताए जाने पर बड़ा भाई मोतीलाल तत्काल खेत पहुंचा। दूसरे ट्रैक्टर की मदद से पलटे हुए ट्रैक्टर को सीधा कर जंगलूराम को बाहर निकाल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

---

# गहरे रंग के कपड़े पहने तो नहीं मिलेगा टेट परीक्षा में प्रवेश

■ फुल शर्ट, जूते, टोपी, पर्स, बेल्ट पर प्रतिबंध, जैकेट पर भी पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टेट परीक्षा में गहरे रंग के कपड़े, जैकेट, फुल बांह वाली शर्ट सहित जेब वाले कपड़ों को प्रतिबंधित किया गया है। यही नहीं मोबाइल फोन, पर्स, बेल्ट, टोपी पहनने वाले परीक्षार्थियों को भी परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

टेट परीक्षा यानी शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को दो पालियों में होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से प्रारंभ होगी। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। जिले में इस परीक्षा के लिए 48 केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर नकल रोकने के लिए कड़ी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए परीक्षार्थियों के लिए गाइडलाइन भी जारी की गई है। परीक्षा केंद्र में फुल बांह वाली शर्ट पर प्रतिबंध लगाया गया है। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना पड़ेगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मेहरून, बैंगनी, गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनने पर परीक्षार्थियों को हॉल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। केवल साधारण स्वेटर बिना पॉकेट की अनुमति है, लेकिन सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षाकर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग एवं आधी बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक पहने अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करनी होगी, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही इन पोशाकों की अनुमति होगी। पैरों में चप्पल पहनने की अनुमति होगी। जूते प्रतिबंधित हैं। कान में किसी भी प्रकार का अभूषण वर्जित है। संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में केवल काले या नीले बॉल पाइंट पेन की अनुमति है।

### आधा घंटा पहले हो जाएगा गेट बंद

परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले ही परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से शुरू होगी। इससे आधा घंटा पहले यानी सुबह 9 बजे गेट बंद कर दिया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 बजे गेट बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनका फिस्किंग एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके।

### साढ़े 13 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

इस परीक्षा में कुल 13 हजार 559 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु पात्रता के लिए परीक्षा होगी, जिसमें लगभग 5039 अभ्यर्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु पात्रता के लिए परीक्षा होगी, जिसमें लगभग 8520 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिले में प्रथम पाली हेतु 16 परीक्षा केन्द्र एवं द्वितीय पाली हेतु 32 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। एसडीएम पवन प्रेमी ने परीक्षार्थियों से परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने कहा है, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुवधा न हो।

---

बेलोरा की घटना पीड़ित व परिजनों ने एसपी से कार्रवाई की मांग की

# पुरानी रंजिशवश युवकों ने घेरकर युवक पर किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पुरानी रंजिश को लेकर कुछ युवकों ने गांव के ही एक युवक को जातिसूचक गालियां देते हुए लोहे की राड से हमला कर उसे घायल कर दिया। गुण्डागर्दी से परेशान पीड़ित व परिजनों ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

मंगलवार को शिकायत करने एसपी कार्यालय पहुंचे ऐशकुमार सारथी पिता हीरासिंग ध्रुव ग्राम बेलोरा थाना मगरलोड निवासी ने बताया कि गांव के बाजार चौक के पास रहने वाले बुद्धदेव साहू पिता खेमराज, गजेंद्र निषाद पिता हुलाप, जितेंद्र साहू पिता महेंद्र पुरानी रंजिश को लेकर हमेशा उसे व उसके बच्चों को जातिसूचक अश्लील गालियां देते हैं। 24 जनवरी की रात्रि गांव के क्रिकेट मैदान में गजेंद्र निषाद व विजेंद्र ने उसका गला दबाकर मारपीट की। 26 जनवरी की रात्रि गांव के कुंवर कन्हैया की किराना दुकान में बैठा था तभी गजेंद्र व बुद्धदेव दुकान में पहुंचा। बुद्धदेव ने दुकान के काउंटर में लगे स्टील की राड को तोड़कर मारपीट की। गजेंद्र ने मारपीट करते हुए उसका सिर दीवार से टकरा दिया। मारपीट से घायल ऐशकुमार को उपचार के लिए मगरलोड अस्पताल ले जाया गया जहां से रिफर करने पर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद दूसरे दिन युवक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जानकारी होने पर भाई योगेश सारथी ने मगरलोड थाने में घटना की नामजद शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी बुद्धदेव साहू व गजेंद्र निषाद के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपियों की गुंडागर्दी व मारपीट से भयभीत पीड़ित व उसके परिजनों ने मंगलवार को एसपी के नाम दिए आवेदन देकर कहा है कि आरोपियों द्वारा उनके साथ लगातार मारपीट की जाती है। बीते दिनों की घटना की मगरलोड थाने में शिकायत की गई है, लेकिन त्वरित कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की गई है।

---

### सरसोंपुरी में मानसगान सम्मेलन 31 से

**पुरी।** ग्राम सरसोंपुरी में आदर्श मानस मंडली एवं ग्रामवासियों द्वारा दो दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी को किया गया है। दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि कोमलसिंह नागवंशी इंजीनियर होंगे। अध्यक्षता हेमलाल ध्रुव सरपंच बिजनापुरी सरसोंपुरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि देवघर यादव अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सरसोंपुरी, तुलसीराम यादव होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रेमनदास साहू धमतरी सरसोंपुरी होंगे। अध्यक्षता टीकम यादव रायपुर सरसोंपुरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि लीलाराम साहू किसान यूनियन प्रदेशाध्यक्ष, घनाराम साहू किसान यूनियन जिलाध्यक्ष धमतरी होंगे। आयोजन की तैयारी में आदर्श मानस मंडली के अध्यक्ष श्यामकुमार यादव, उपाध्यक्ष रामप्रसाद यादव, सचिव मानसिंग देवांगन, संयोजक अनिरुद्ध साहू, कोषाध्यक्ष राधेश्याम साहू, संरक्षक गजाधर यादव जुटे हैं।

---

# अटंग में छग राज्य स्तरीय मानसगान सम्मेलन 30 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम अटंग में युवा संघर्ष समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान यज्ञ एवं सम्मेलन का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक रखा गया है। रोशन लाल चंद्राकर अध्यक्ष, रुद्रनाथ साहू उपाध्यक्ष, कुलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष डॉ द्वारिका साहू संरक्षक, धूषण लाल साहू सचिव ने बताया कि मानसगान सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। विभिन्न जिलों की 25 मानस मंडलियों का पंजीयन हो चुका है। पुरुष एवं महिला मानस मंडलियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मंडली को सांत्वना राशि एवं विशेष पुरस्कार भी दिया जाएगा। ग्रामवासियों के लिए श्रेष्ठ श्रोता पुरस्कार, रंगोली सजावट, आरती, दीप सजावट प्रतियोगिता पर आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। 2 फरवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय मां खल्लारी नाचा पार्टी हिन्छापोढिया महासमुंद की प्रस्तुति होगी।

---

आनलाइन ठगी व साइबर फ्राड पर लगेगी लगाम, अपराधों से सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक पहल

# धमतरी साइबर थाना जनता को समर्पित, सीएम ने किया वर्चुअल उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






आनलाइन ठगी व साइबर फ्राड पर अंकुश लगाने सीएम ने अपराधों से सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक पहले करते हुए प्रदेश में धमतरी सहित आठ साइबर थानों का वर्चुअल शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया।

छत्तीसगढ़ राज्य में साइबर अपराधों की रोकथाम, त्वरित विवेचना की दिशा में बुधवार को एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक पहल की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रदेश में स्थापित 8 नवीन साइबर थानों का उच्च राज्यस्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया जिसमें धमतरी साइबर थाना भी शामिल है।

इस उच्चस्तरीय कार्यक्रम में धमतरी साइबर थाना का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। यह थाना जिले में बढ़ते साइबर अपराधों, आनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्राड, सोशल मीडिया का दुरूपयोग, फर्जी काल, डिजिटल भुगतान से संबंधित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही पीड़ित नागरिकों को त्वरित विशेषज्ञ सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस अवसर पर अतिथि रामू रोहरा महापौर ननि, अरूण सार्वा जिपं अध्यक्ष, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व एसपी सूरजसिंह परिहार की उपस्थिति रही। इस दौरान अतिथियों ने साइबर थाना को आम जनता के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे साइबर अपराधों के मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होगी। डिजिटल युग में नागरिकों का विश्वास व सुरक्षा सुनिश्चित होगी। यह पहल डिजिटल इंडिया के संकल्प को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक सशक्त लक्ष्य है।

कार्यक्रम में एएसपी शैलेंद्र पांडे, सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी, डीएसपी मीना साहू, डीएसपी यशकरण दीप ध्रुव, कोतवाली थाना प्रभारी राजेश मरई, साइबर थाना प्रभारी प्रदीप सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी व नागरिक उपस्थित थे।

### महापौर ने फीता काट कर किया शुभारंभ

उच्चस्तरीय कार्यक्रम में सीएम द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में आठ नवीन साइबर थानों का उद्घाटन करने के बाद महापौर रामू रोहरा व जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा ने धमतरी साइबर थाना के नवीन भवन का रिबन काटकर औपचारिक शुभारंभ किया। इसके बाद अतिथियों व अधिकारियों ने नवीन साइबर थाना की प्रत्येक शाखा का भ्रमण कर जानकारियां ली।

### साइबर ठगी, अपराध की सूचना तत्काल दें

इस अवसर पर एसपी सूरजसिंह परिहार ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, आनलाइन अपराध अथवा संदिग्ध डिजिटल गतिविधि की जानकारी तत्काल साइबर थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से दें ताकि समय रहते प्रभावी एवं विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप



### जरुरतमंदों को नहीं मिल रहा योजना का लाभ : मेघनाथ



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद मेघनाथ साहू ने नगर अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वार्ड क्रमांक 8, 3 एवं 5 में आयुष्मान कार्ड की कटौती की गई है जिससे जरूरतमंदों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है, साथ ही तीर्थयात्रा में भी भेदभाव किया जा रहा है। सक्षम एवं धनिक वर्गों को तीर्थयात्रा कराई जा रही है, जबकि गरीब एवं बुजुर्गों के लिए सरकार ने यह योजना बनाई है। सूत्रों के अनुसार नगर पंचायत में जनप्रतिनिधियों के बीच अंतरकलह चल रहा है। नगर का विकास सेल्फी के माध्यम से हो रहा है। अभी कुछ दिन पहले नगरवासियों ने आवास पट्टे की मांग के लिए नगर पंचायत का घेराव किया था। चुनाव के समय जनता से किए गए वादों पर सत्तापक्ष पल्ला झाड़ते नजर आ रहा है।

### बोरसी में शिवमहापुराण ज्ञान यज्ञ 2 फरवरी से

**कुकरेल(धमतरी)।** मगरलोड ब्लाक के ग्राम बोरसी (साल्हेभाट) के श्री राजराजेश्वर पंच शक्ति महामाया मां, श्री मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय श्रीराज राजेश्वर शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन कर्ता टीकमशरण ग्राम हरदी छुरा जिला गरियाबंद होंगे। परायणकर्ता नूतन मिश्रा ग्राम हरदी छुरा जिला गरियाबंद, रामदेव शर्मा ग्राम भोथा बोरसी जिला धमतरी होंगे।

## निधन

### प्रीतराम देवांगन



**धमतरी।** देवांगन समाज हटकेशर वार्ड के पूर्व संरक्षक प्रीतराम देवांगन का 27 जनवरी की रात्रि 8 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा हटकेशर वार्ड नागदेव मन्दिर चौक से मुक्तिधाम हटकेशर के लिए निकली। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

### कोमल सिन्हा



**धमतरी।** ग्राम गाड़ाडीह (आर) निवासी कोमल सिन्हा (37 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। वे रत्नूराम सिन्हा के पुत्र व तोषण सिन्हा के भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व ग्रामीणजन शामिल हुए।

### कमलाबाई निषाद



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर निवासी कमलाबाई निषाद उम्र 76 वर्ष का 26 जनवरी सोमवार को निधन हो गया। वे बरातू निषाद की पत्नी, बलराम, रामकृष्ण निषाद की मां, नाथू, नूतन, जितेन्द्र, आशीष, खुमान निषाद की दादी थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### शांतिबाई मरकाम



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी वार्ड नंबर 5 निवासी शांतिबाई मरकाम धर्मपत्नी मंगतूराम मरकाम सेनि वनपाल का 25 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 26 जनवरी को गृहग्राम कोहिनपारा गट्टासिल्ली में किया गया। वे रामभुवन मरकाम, सुनीता ध्रुव व्याख्याता की माता एवं छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव, गंगा मरकाम आंबा कार्यकर्ता बिंदा मरकाम भृत्य की सास थी। अंतिम संस्कार में रामभरोस मरकाम, रामप्रसाद मरकाम, नारायण मरकाम, मंगलू नेताम, सुनाराम नेताम, बिरझू कुंजाम, भोलाराम, देवलाल मरकाम समेत ग्रामवासी और सामाजिकजन उपस्थित थे।

नगर पालिका में ज्योति व जनपद पंचायत में गीतेश्वरी ने किया ध्वजारोहण

# कुरूद अंचल में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद





कुरुद अंचल में गणतंत्र पर्व की 77वीं वर्षगांठ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाई गई। इस मौके पर शासकीय, अर्धशासकीय स्कूलों के बच्चों ने बाजे-गाजे के साथ प्रभात फेरी निकाल विभिन्न संस्थानों एवं चौक- चौराहों में राष्ट्रध्वज फहरा सलामी दी गई। नगर पालिका कार्यालय एवं मुख्य समारोह में अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर एवं जनपद पंचायत में अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने ध्वजारोहण किया।

गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका कुरूद में सुबह 8 बजे अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने ध्वजारोहण कर सलामी दी। नगर के वार्डों में पार्षदों ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात 9 बजे खेल मेला मैदान में आयोजित मुख्य गणतंत्र समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जिसके बाद विभिन्न शासकीय, अर्थशासकीय स्कूलों के बच्चों ने विभिन्न परिधानों में सजकर छत्तीसगढ़ी, हिंदी रिमिक्स पर एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जबरदस्त प्रस्तुति दी।

### 10 माह का कार्यकाल उपलब्धियों भरा रहा

ज्योति चन्द्राकर ने अपने संदेश वाचन में कहा कि विष्णु के सुशासन, उपमुख्यमंत्री अरुण साव के निरंतर सहयोग से अजय के विकास रथ को आगे बढ़ाने नगर में निरंतर विकास किया जा रहा है। उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि कुरूद को नशामुक्त कर हर दृष्टिकोण से आत्मनिर्भर बनाकर एक नया कुरूद गढ़ेंगे। विकास के नया सोपान तय करेंगे जिसमें नागरिकों के भी सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सामाजिक और धार्मिक सेवाओं के माध्यम से पिछले 10 महीनों में हर वर्ग के लिए नई परिषद के साथियों के सहयोग से कार्य किया जा रहा है। कुरूदवासियों के लिए यह 10 माह उपलब्धियों से भरा रहा। नगर पंचायत से नगर पालिका में है जिससे विकास के द्वार और खुल गए हैं। इस दौरान संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर की विशाल प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। साथ ही चौपाटी व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स, प्रमुख जगहों में पानी टंकी निर्माण एवं नगर पालिकां के लिए काऊकैचर पशु वाहन, दो नग कचरा वाहन ई-रिक्शा, मैला वाहन कुरूद वासियों को समर्पित किया गया।

### महिला कमांडो समिति को किया गया पुरस्कृत

मंच से नशामुक्ति अभियान में जुटी वार्ड क्रमांक 9 की महिला कमांडो समिति को प्रथम पुरस्कार 15000 व प्रशस्ति पत्र व साड़ी, द्वितीय पुरस्कार 10000 वार्ड क्रमांक 2 की महिला कमांडो समिति को प्रशस्ति पत्र व साड़ी एवं तृतीय पुरस्कार वार्ड क्रमांक 6 की महिला कमांडो समिति को 5000 नक़द राशि, प्रशस्ति पत्र व साड़ी ज्योति चन्द्राकर ने अपने स्वयं की राशि से प्रदान किया। इसी प्रकार नगर के प्रतिभावान छात्रों, कारगिल चौक कुरूद के उद्घाटनकर्ता आर्मी के जवान रहे आलोक वर्मा एवं बीएसएफ के जवानों, नगर के शैक्षणिक संस्थानों से आये प्रत्येक स्कूलों को रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहन देने सम्मानित किया गया। समारोह में नगर पालिका के पार्षदगण, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार व्यक्त सीएमओ महेंद्र राज गुप्ता एवं संचालन बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा ने किया। जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने तिरंगा फहरा और राष्ट्रगान कर सलामी दी। इस मौके उपाध्यक्ष सतीश जैन, सीईओ अमित सेन सहित सदस्यगण एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

## सहायता राशि बढ़ाने और प्रोक्टेशन बिल को लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



हेमंत सिन्हा

छत्तीसगढ़ में अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं जनकल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर अधिवक्ता हेमंत सिन्हा (पूर्व सचिव अधिवक्ता संघ कुरूद एवं नोटरी भारत सरकार) ने स्टेट बार काऊंसिल छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त सदस्य शत्रुघनलाल साहू से मुलाकात कर उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र सिंह यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में श्री सिन्हा ने कहा कि अधिवक्ता की मृत्यु के बाद उसके परिवार को 1,50,000 रूपए की आर्थिक सहायता दी जाती है जो बढ़ती महंगाई और पारिवारिक आवश्यकताओं के अनुरूप बहुत कम है। इसे बढ़ाकर 10 लाख रूपए किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर लंबित प्रोक्टेशन बिल को लागू करने की मांग की है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में इस बिल को लागू करने का आश्वासन दिया था, जिसे शीघ्र पूरा किया जाए।

उन्होंने शासन- प्रशासन से इस विषय पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया है। शासन स्तर पर सकारात्मक पहल होने से न केवल उनके हितों की रक्षा होगी बल्कि न्याय व्यवस्था और भी सुदृढ़ होगी।

## मड़ेली में मनाया गया नशामुक्त मड़ई उत्सव

- ग्राम विकास समिति की पहल की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव



ग्राम मड़ेली में मंगलवार को पारंपरिक मड़ई उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति द्वारा नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। मड़ई उत्सव के दौरान किसी भी प्रकार के नशापान पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया था, जिसका सभी ग्रामीणों एवं आगंतुकों ने पालन किया।

उत्सव के दौरान गांव में कोई भी व्यक्ति नशापान करते हुए नहीं पाया गया, जो ग्राम विकास समिति की सजगता और ग्रामीणों की सहभागिता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि गांव के विकास और उत्थान के उद्देश्य से गठित ग्राम विकास समिति लगातार जनहित में कार्य कर रही है। गांव में पहले से ही शराब पीने पर प्रतिबंध लगाया गया है, साथ ही दुकानों में डिस्पोजेबल सामग्री बेचने पर भी रोक है। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान भी निर्धारित है। मंगलवार को आयोजित मड़ई उत्सव को ग्रामीणों एवं बाहर से आए रिश्तेदारों ने पूरे उत्साह के साथ मनाया। इस वर्ष मड़ई उत्सव को नशामुक्त रखने की पहल की न केवल ग्रामीणों बल्कि बाहर से आए मेहमानों ने भी जमकर सराहना की।

मड़ई उत्सव को सफल बनाने में ग्राम विकास समिति के संरक्षक नारायणगिरी गोस्वामी, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, जनपद सदस्य ठाकुरराम साहू, समिति अध्यक्ष संतराम साहू, उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, घनाराम ध्रुव, गणेश बैस, महेंद्र निर्मलकर, सचिव चेतन साखरे, कोषाध्यक्ष लालसिंह चंदेल, मीडिया प्रभारी शेखर साहू, सरपंच वीणा साहू, उपसरपंच ओम देवांगन, मिथलेश साहू, खेमराज साहू, नारायण साहू, दयालु साहू, कुरूद पार्षद डुमेश साहू का विशेष योगदान रहा।

फरसियां में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

## रासेयो छात्रों ने की महामाई मंदिर परिसर व कुंड की साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन मां महामाई मंदिर फरसियां के प्रांगण में आयोजित है। शिविर का मुख्य उद्देश्य नशामुक्त समाज के लिए युवा और सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना थीम को लेकर आयोजित है।

सरपंच केशव टीकम ने कहा कि यह युवाओं में सामाजिक चेतना, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक विकास, अनुशासन और सामूहिक भावना विकसित करने का एक माध्यम है, जो उन्हें ग्रामीण जीवन व उनकी समस्याओं से रूबरू कराता है। चंद्रिकाप्रसाद साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने कहा कि यह छात्रों को ग्रामीण क्षेत्र में रहकर उनके कौशल विकास एवं राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बढ़ावा देता है। प्राचार्य नीरज सोन ने कहा कि शिविरों में समूह में रहने से छात्रों में सहयोग, नेतृत्व क्षमता समय प्रबंधन और अनुशासन का विकास होता है। जवाहर ध्रुव अध्यक्ष महामाई समिति फरसियां ने कहा कि यह बच्चों में शारीरिक गतिविधियों, योग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन ने कहा कि ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य, स्वच्छता, कानूनी अधिकार और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाता है। यह शिविर प्राचार्य नीरज सोन, कार्यक्रम अधिकारी ऋषिकेश साहू ,सहायक कार्यक्रम अधिकारी यशपाल सिंह साहू के निर्देशन में आयोजित किया गया है। परियोजना कार्य अंतर्गत महामाई मंदिर परिसर, महामाई कुंड की सफाई की गई। रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति गांधी चौक में हुई।

इस अवसर पर महामाई समिति के पूर्व अध्यक्ष शिवदयाल साहू, त्रिलोक साहू उपसरपंच, हरकलाल साहू, सुदर्शन चुनाप, गजानंद कश्यप, दीनदयाल ग्वाले, केसरी ध्रुव, राधेश्याम साहू, कोमल कश्यप समेत अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## जोरातराई में कलशयात्रा के साथ मारुति महायज्ञ शुरू



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई में पांच कुंडीय मारुति महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। यह आयोजन शंकराचार्य जगतगुरु सरस्वती स्वरूप महाराज, द्वारिका पीठ के यज्ञकर्ता स्वामी सिद्धेश्वरानंद महाराज (लफंडी पीठ, पचकोशी धाम) के पावन सान्निध्य में संपन्न हो रहा है। नवज्योति नाट्य कला मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से माताओं-बहनों द्वारा निकाली गई कलश यात्रा में गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया। महायज्ञ का आयोजन ग्राम की सुख-शांति, समृद्धि एवं धर्म के प्रति आस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष किया जाता है। इस अवसर पर यज्ञकर्ता स्वामी सिद्धेश्वरानंद महाराज के साथ महेंद्र साहू, टेकराम साहू, मानक साहू, सुदामाराम साहू, चुरामन साहू, भानुप्रताप साहू, केजूराम साहू, दूजराम साहू, बनवारी निर्मलकर, जालम, सचिन पाल, दानीराम तारक, छबिराम साहू, रविंद्र सेन, मोहन साहू, मोहनदास वैष्णव, भूपेंद्र पाल, नरेंद्र साहू, लव निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

समाज के भवन निर्माण के लिए सरपंच ने किया भूमिपूजन

# देवांगन समाज ने मनाई मां परमेश्वरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम सिर्री में देवांगन समाज द्वारा 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर समाज की कुलदेवी मां परमेश्वरी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह 10 बजे से ही मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना पंडित करण शर्मा द्वारा शुरू कर दी गई । पूजा के अंत में हवन पूजन कर आरती की गई। सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा समाज के बुजुर्गजनों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद देवांगन समाज सिर्री के भवन निर्माण हेतु स्कूल पारा में समरसता भवन के समीप चयनित जगह पर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के मुख्य अतिथि देशांत सिन्हा सिर्री सरपंच, पंच रामनाथ शर्मा थे।

विदित हो कि देवांगन समाज ग्राम इकाई सिर्री को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को संपन्न करने के लिए सामाजिक भवन की जरूरत है। इसे देखते हुए सामाजिक पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत के समक्ष भवन निर्माण हेतु जगह की मांग रखी। ग्राम पंचायत सिर्री ने पंचायत प्रस्ताव कर स्कूलपारा में समरसता भवन के समीप जगह चयनित किया।

इस अवसर पर देवांगन समाज सिर्री के अध्यक्ष हृदय देवांगन, सचिव तरुण देवांगन, सहसचिव मन्नू लाल देवांगन, चुन्नी लाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष, सुखराम देवांगन पूर्व सचिव, मीडिया प्रभारी पामेश देवांगन, पुसऊ राम देवांगन, नेकराम देवांगन, मोतीलाल देवांगन, चुनकेश्वर देवांगन, रामेश्वर देवांगन, भारत देवांगन, टापेश्वर देवांगन, प्रदीप देवांगन, रिंकू देवांगन, नरेश देवांगन, बीरेंद्र देवांगन, बाबूलाल देवांगन, गुप्तानंद देवांगन, यशवंत देवांगन, विष्णुराम देवांगन, गैंदलाल देवांगन, चुरामण देवांगन, घना देवांगन, शत्रुहन देवांगन, दुर्गेश देवांगन, अर्जुन देवांगन सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### ग्राम पटेल ने छात्रों को थाली भेंट की



**जीजामगांव।** ग्राम पटेल बनने की खुशी में रविकुमार लहरे ने प्राथमिक शाला मुल्ले के बच्चों को थाली (प्लेट) दान की। बच्चे थाली पाकर गदगद हो गये।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गणवेश वितरित



**पुरी।** ग्राम पंचायत गागरा आंगनबाड़ी केंद्र 1 में 17 बच्चों को गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती अनीता साहू, पंचायत सचिव हेमंत साहू, वार्ड पंच हृदयेश्वरी साहू, रानी तिवारी, हिमेश्वरी साहू, बिंदु नेताम, राजकुमारी साहू, पर्यवेक्षक तारकेश्वरी साहू तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लता साहू, फुलेश्वरी साहू उपस्थित थी। कक्षा प्रथम से राजकुमार यादव, तारकेश्वर सारथी भी उपस्थित थे।

### शाला परिवार ने किया सीआरपीएफ जवान का सम्मान



**नगरी।** गणतंत्र दिवस पर शाला परिवार चमेदा ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में चयनित नवीन कुमार कोर्राम को शाल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। नवीन विद्यालय का पूर्व छात्र है। वह शुरू से मेहनती एवं लगनशील छात्र रहा। उसकी इस उपलब्धि पर पूरा गांव गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर जागेश्वर नेताम उपसरपंच, बीरबल नागेश विधायक प्रतिनिधि, धरमसिंह नेताम अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, द्रौपदी यादव प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, ललित साहू, हेमपुष्पा साहू, मनमोहन मरकाम, नारदराम ध्रुव सेनि प्राचार्य, सविता ध्रुव अध्यक्ष ग्राम समिति एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र साहू प्रपा माध्यमिक शाला चमेदा ने किया।

### नवाडीह स्कूल में बसंत पंचमी मनाई गई



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला नवाडीह में बसंत पंचमी मनाई गई। विद्यालय प्रांगण में स्थापित मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। स्कूली बच्चों को न्योता भोज में खीर पूड़ी खिलाई गई। बसंत पंचमी पर बच्चों ने देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी गानों पर नृत्य किया। इस दौरान ग्राम विकास समिति, शाला विकास समिति के पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### श्री रामचंद्र का जीवन मर्यादा, सेवा, त्याग का अनुपम उदाहरण : रंजना



- श्यामतराई में आयोजित रामचरित मानसगान में शामिल हुईं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

**धमतरी।** ग्राम श्यामतराई में तीन दिवसीय रामचरित मानसगान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। श्रीमती साहू ने प्रभु श्रीराम के चरणों में नमन कर क्षेत्र की जनता के लिए सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। अपने उद्बोधन में श्रीमती साहू ने कहा कि प्रभु श्री रामचंद्र का जीवन मर्यादा, सेवा, त्याग और कर्तव्य का अनुपम उदाहरण है। उनका आदर्श जीवन समाज, परिवार, शासन और व्यक्तिगत आचरण हर क्षेत्र में हमें सही दिशा प्रदान करता है। रामचरित मानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला अमूल्य ग्रंथ है। इसके माध्यम से समाज में संस्कारों का विकास होता है। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता यादव, जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती जागेश्वरी साहू, उमेश साहू, खेमलाल साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

### नहीं रहे लीला मंडली के हास्य कलाकार



**जीजामगांव।** जीजामगांव में हास्य एवं तबला, ढोलक, नगाड़ा वादक कलाकार शिवकुमार पटेल का हृदयघात से 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कृष्ण लीला में भगवान कृष्ण के बाल सखा मनसुखा का अभिनय बखूबी करते थे। जोकर का अभिनय भी शानदार करते थे। लोग उनके अभिनय से लोटपोट हो जाते थे। होली में अव्वल दर्जे का नगाड़ा बजाते थे। शिवकुमार पटेल के निधन पर लीला मंडली सहित ग्रामीणों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्हें मुखाग्नि पुत्र हेमंत पटेल ने दी। उनकी अंत्येष्टि में संतराम साहू, दीनूदास बघेल, पुरानिक साहू, फिरंता साहू, कलीराम ध्रुव, नारद साहू, गोपाल पटेल, घनश्याम पटेल, दुष्यंत साहू, महावीर, मोहन, चम्मन, तोषण, बंशीलाल पटेल, पन्ने पटेल, कंशु पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### कालिका चौक में फहरा तिरंगा

धमतरी। कालिका मंदिर के पास कालिका चौक सिहावा रोड में झंडा फहराया गया। मंदिर के कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि कई वर्षों से यहां पर मंदिर समिति व हमाल संघ द्वारा झंडा फहराया जा रहा है। आगे कहा कि आज ही के दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। हमारा देश विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में पवन पटेल, विजय शर्मा, संतोष ढीमर, अशोक बांधे, बबलू खान, महेश वर्मा, विकास नाग, गीताराम, बबलू साहू, अमन नाग समेत अन्य उपस्थित थे।

### आराध्या फाउंडेशन ने स्कूल को टीवी सेट भेंट किया



सिर्री। आराध्या फाउंडेशन बकली ने ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की पढ़ाई डिजिटल माध्यम से करने के लिए शासकीय प्राथमिक विद्यालय संकरी एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रतसरा चारामा को टेलीविजन भेंट किया। फाउंडेशन के संस्थापक बहुरराम उर्मिला साहू ने यह पहल की है। उन्होंने बताया कि डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करने से ज्ञान में बढ़ोत्तरी होगी।

### हम सब देश और समाज के विकास में सहभागी बने



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार में गणतंत्र दिवस मनाया गया। सरपंच बिमलेश मीनपाल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि दिनेश साहू एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में संस्था प्रमुख द्वारा शाला प्रांगण में ध्वज अनावरण किया गया। जयकारों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। कृषि साख सहकारी समिति, जयस्तंभ चौक, पंचायत भवन एवं गांव के अन्य प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण हुआ। यामिनी एवं टिकेश्वरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सरपंच ने आह्वान किया कि हम सब देश और समाज के विकास में सहभागी बनें। उपसरपंच श्रीमती परमेश्वरी साहू ने भी अपने विचार रखे। प्राचार्य डीएन साहू ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं समस्याओं का जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**

**// उपस्थिति सूचना //**

न्यायालय तहसीलदार भखारा के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202508132300019/ अ-70 वर्ष 2024-25 आवेदक डोकेश्वर विरूद्ध अनावेदक पुरानिक चमारू रमउ सभी कस्तकार चिरपोटी पटवारी हल्का नं. 21 तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा आवेदक डाकेश्वर ग्राम चिरपोटी स्थित भूमि खसरा नं. 13/1 रकबा 0.76 हे. राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। आवेदक अपने भूमि का रकबा मौके पर कम महसूस होने पर अपनी विधिवत भूमि का सीमांकन आवेदन पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। न्यायालय तहसीलदार भखारा के आदेश पर राजस्व निरीक्षक भखारा द्वारा आवेदक एवं आस पास के कृषको की उपस्थिति में मौका सीमांकन किया गया। राजस्व निरीक्षक द्वारा सीमांकन जांच प्रतिवेदन मय पंचनामा सूचना रिपोर्ट पेश कर लेख किया है कि आवेदक की ग्राम चिरपोटी स्थित भूमि खसरा न. 13/1 रकबा 0.76 हे. के भाग रकबा 0.01 हे. पर अनावेदक क्रमांक 1 पुरानिक पिता शिवचरण जाति तेली का कब्जा एवं भाग रकबा 0.01 हे. पर अनावेदक क्रमांक 2 चमरू पिता दुकालूराम का कब्जा एवं भाग रकबा 0.01 हे. पर अनावेदक क्रमांक 3 रमउ पिता दुलार सिंह निवासी चिरपोटी का कब्जा होना बताया है आवेदक द्वारा सीमांकन प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदकगण से कब्जा वापस दिलाने आवेदन पत्र न्यायालय मे पेश किया है। न्यायालय में प्रकरण अनावेदकगण के उपस्थिति हेतु नियत प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 09/02/2026 नियत है। उक्त तिथि मे अनावेदकगण स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित हो अपना पक्ष रखे नियत तिथि को उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण मे आगे की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 23/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार भखारा

## नगरी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

# प्यारे बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन







हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत क्षेत्र में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। नगर के मुख्य चौक-चौराहों, शासकीय विद्यालयों एवं शासकीय कार्यालयों में भारत माता एवं महापुरुष के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। विभिन्न शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं बजरंग चौक नगरी एवं राजाबाड़ा चौक नगरी में ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों ने ध्वजारोहण किया। रैली में छोटे छोटे बच्चों के हाथों में लहराते तिरंगे दिखाई दिए। नगर पंचायत परिसर में नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगरी निवासी समाजसेवी इरशाद (डंपी) खान ने अपने पिता की स्मृति में नगरवासियों को एक पानी टैंकर समर्पित किया। उन्होंने नगर पंचायत पुस्तकालय को लगभग दो लाख रुपये मूल्य की पुस्तकें भेंटकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर इरशाद खान ने कहा कि नगर में आयोजित कार्यक्रम दौरान लोगों को अक्सर पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है।

■ नगर पंचायत परिसर में समाजसेवी इरशाद खान का किया गया सम्मान

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह पानी टैंकर नगर को समर्पित किया। उन्होंने यह भी कहा कि नगर के कई होनहार बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक कठिनाइयों के कारण आवश्यक पुस्तकों की व्यवस्था नहीं कर पाते। ऐसे बच्चों के भविष्य को संवारने की भावना से उन्होंने पुस्तकालय को पुस्तकें प्रदान की हैं, ताकि ज्ञान का प्रकाश निरंतर जलता रहे। इस निःस्वार्थ समाजसेवा के लिए, नगर पंचायत द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। नगरवासियों ने कहा कि ऐसे लोग ही समाज की असली पूंजी होते हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं।

नगर के पीएम श्री श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम विद्यालय नगरी में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न स्कूली छोटे छोटे बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मोहन नाहटा, कमल डागा, सभापति अल्का साव, पार्षद राजा पवार शंकर देव देवशरण, एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद सीईओ रोहित बोझा, बीईओ कालीराम साहू, महिला बाल विकास अधिकारी सोमेंद्र साहू, पीएएच ठाकुर समेत जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आजादी विचार और मूल्यों की यात्रा है : तारिणी

■ कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि आजादी सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि विचार और मूल्यों की यात्रा है। उन्होंने महान नेताओं के बलिदानों को याद करते हुए कहा कि प्रेम, अहिंसा और न्याय की परंपरा गांधी जी से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस की पहचान रही है। आगे कहा कि पिछले दो साल से प्रदेश में एक ऐसी सरकार पदस्थ है जिसे जनसरोकारों से कोई मतलब नहीं है। भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, जनता पर अत्याचार सरकार की पहचान बन गयी है। ऐसे में भी कोई सरकार इतनी अलोकप्रिय हो सकती है, इसका सबसे बड़ा उदाहरण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है। राज्य की कानून व्यवस्था बदहाल हो गयी हैं। महिलाओं के साथ अपराधों में बढ़ोत्तरी हो गयी है। सरकार किसानों को समय में खाद, बीज नहीं दे पाई । आज प्रदेश के किसानों को धान बेचने प्रताड़ित किया जा रहा है। परीक्षाओं में नकल और धांधली से युवा वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहा है। अनियमित कर्मचारी, आंगनबाड़ी, मितानिनें, कर्मचारी वर्ग, शिक्षक सभी सरकार से नाराज है। युक्तियुक्तकरण नासूर बन गया। 10463 स्कूल बंद कर दिये गये। बिजली बिल हॉफ योजना बंद कर आम आदमी को महंगी बिजली दे रही है। इस दौरान विधायक ओंकार साहू, लेखराम साहू, मोहन लालवाली, शरद लोहाना, विजय देवांगन, मोहन लालवानी, पंकज महावर, आनंद पवार, कविता बाबर, मनीषा साहू, घामेश्वरी साहू, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, खिलेंद्र ध्रुव, आलोक जाधव, नरेश जसूजा, योगेश लाल, आशीष थिटे, प्रकाश पवार, गोपाल प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश जैन, अरविन्द दोशी, विजय गोलछा, बृजेश जगताप, योगेश बाबर, आकाश गोलछा, विक्रांत पवार, कृष्णा मरकाम, अम्बिका सिन्हा, शास्त्री सोनवानी, रामेश्वरी कोसरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रोविडेंस स्कूल में गणतंत्र दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल नगरी में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। संस्था प्रमुख विकल गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट, भाषण प्रतियोगिता, वेशभूषा प्रतियोगिता तथा देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर, बड़ों का सम्मान करते हुए देशभक्ति की भावना के साथ आगे बढ़ने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। विशेष अतिथि पूर्व प्राचार्य सुखराम, नंदलाल प्रजापति एवं मदन पटेल थे। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता कश्यप, बनमाला साहू, हेमराज हिरवानी, डी. मोहन, शैलेंद्री वर्मा, कोशिश निर्मलकर, सुशीला साहू, मोनेश्वरी साहू, नर्मदा साहू, संगीता साहू, सादिया मिर्जा, किरण पटेल, अनीता कश्यप, अंजू साहू, चित्ररेखा धृतलहरे, भानमती भंडारी, धात्री साहू एवं भरत यादव का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन हेमराज हिरवानी ने किया।

### सेवा और स्वावलंबन सिखाता है मन की बात का हर एपिसोड : कविंद्र



धमतरी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 130वें मन की बात कार्यक्रम ने अनेक सामाजिक, आर्थिक, वैश्विक एवं सांस्कृतिक विषयों पर प्रकाश डाला। भाजपा नेता कविंद्र जैन ने पोस्ट ऑफिस वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 159 में स्थानीय लोगों के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को बेहतर नेतृत्व देने में मतदान को एकमात्र साधन बताते हुए इसे एक उत्सव के रूप में मनाने की सलाह दी। श्री मोदी ने स्टार्ट अप को विकसित भारत के संकल्प सिद्ध करने का प्रमुख माध्यम बताया। श्री मोदी ने देश के अलग अलग हिस्सों में समाज के कल्याण के लिए चलाए जा रहे उल्लेखनीय अभियानों का जिक्र किया। श्री जैन ने बताया कि मोदी जी की मन की बात का प्रत्येक एपिसोड हमें सेवा और स्वावलंबन सिखाता है। इस दौरान नरेंद्र बया, अंजनी महार, गायत्री बाई बर्मा, खिलेश्वरी बर्मा, यश बैद, विजय कुमार पटवा सहित अन्य मौजूद थे।



# संविधान हमें स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है : ओंकार

■ विधायक ने नवदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुनी में किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विधायक ओंकार साहू ने नवदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल अर्जुनी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा व्यक्त की। अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि 26 जनवरी के दिन भारत ने अपना संविधान अपनाकर लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में विश्व में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है, साथ ही कर्तव्यों का भी बोध कराता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य आप सभी के हाथों में है। शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के माध्यम से ही एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण संभव है। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति गीतों, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया।

# दिव्यांग स्कूल में गणतंत्र दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान कुरुद द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में गणतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया गया। संस्था के सचिव उदय गंगेई, बनउराम यादव द्वारा पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया। बच्चों को भारत माता और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की वेशभूषा में तैयार किया गया। मूकबधिर एवं दिव्यांग बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। एकल नृत्य में महक तारक (श्रवण बाधित), युगल नृत्य चुन्नीलाल साहू, प्रीतम पाल (बौद्धिक मंदता), गीत गायन में यमन ध्रुव और अंजलि लहरे (दृष्टिबाधित) ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन जानकी ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन दिव्यांग आवसीय विद्यालय की अधीक्षक सुश्री मनीषा नेताम द्वारा किया गया। मोनिका यादव ने कोरियोग्राफी की। मौके पर चंद्रवती ध्रुव, रीतू मंडावी, लेखमणि निषाद, भुनेश्वरी ठाकुर, सावित्री मरकाम, योगेश्वरी ध्रुव समेत अन्य शामिल रहे।

### फिट लाइफ फिटनेस क्लब में हुआ ध्वजारोहण

धमतरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब, इनरवहील क्लब एवं फिटलाइफ फिटनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में फिट लाइफ फिटनेस क्लब धमतरी में झंडा वंदन कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि रोटे. मदनमोहन खंडेलवाल रहे। झंडा वंदन के पश्चात सभी सदस्यों को फिटनेस और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने सामूहिक एक्सरसाइज करवाई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### महापौर ने किया ननि कार्यालय में ध्वजारोहण



धमतरी। नगर पालिक निगम द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। नगर निगम कार्यालय परिसर में महापौर रामू रोहरा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। वहीं जय स्तंभ चौक में नगर निगम सभापति स्पीकर श्रीमती कौशिल्या देवांगन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने तिरंगे को नमन कर देश की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। महापौर श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें संविधान के आदर्शों पर चलने, लोकतंत्र को मजबूत करने और देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। समारोह में नगर निगम के अधिकारी,पार्षदगण, कर्मचारी, नागरिक उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने घड़ी चौक में फहराया तिरंगा



धमतरी। गणतंत्र दिवस पर घड़ी चौक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने तिरंगा झंडा फहराया। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा परंपरागत रूप से प्रत्येक स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस पर यहां कार्यक्रम किया जाता है। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारी स्वतंत्रता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त प्रतीक है। यह पर्व हमें एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की नई ऊर्जा और प्रेरणा देता है। मौके पर बीथिका विश्वास, धनीराम सोनकर, प्रकाश शर्मा, विजय मोटवानी, जागेश्वरी साहू, रेशमा शेख, सुशीला तिवारी, राकेश चंदवानी, कैलाश सोनकर, गायत्री सोनी, सूरज शर्मा, दौलत वाधवानी, गोल्डी बरडिया सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### रिलायंस एवं फ्लोरेंस नर्सिंग कॉलेज में मना गणतंत्र दिवस



धमतरी। रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा धमतरी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य वीके डेविड एवं प्राचार्य संजय कुमार लाल ने ध्वजारोहण किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर देश सेवा में चयनित जवानों का सम्मान



धमतरी। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में गणतंत्र दिवस मनाया गया। शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू तथा समिति के सदस्यों व प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात प्रभातफेरी निकाली गई। गांव में विभिन्न स्थानों पर भी ध्वजारोहण हुआ। प्रभातफेरी के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। सरपंच श्रीमती रमी गौतम, अध्यक्ष हेमंत साहू ने अपने उद्बोधन से बच्चों को प्रेरित किया। संस्था के पूर्व छात्रों खेमराज साहू का बीएसएफ, संजय कुमार सीआरपीएफ, उत्तम कुमार सीआरपीएफ, दीपेश कुमार सीआईएसएफ, पंकज बंजारे का सीआईएसएफ में चयन होने पर श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। प्राचार्य यदुनंदन वर्मा ने आभार व्यक्त किया।


### जुगदेही सोसाइटी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना



अमलीडीह (भखारा)। जुगदेही सोसाइटी में समिति प्रबंधक, अध्यक्ष, समिति के सदस्य, कर्मचारी एवं क्षेत्र के किसानों ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भोलाराम साहू, विजय साहू, खेमलाल साहू, टोडर साहू, रमेश, राजेन्द्र, यादवराम साहू, चोवाराम गंजीर, उमेश, चंद्रिकाप्रसाद, रामचंद, शिवप्रसाद, केवलसिंह नेताम सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन सोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### गांधी आश्रम रानीबगीचा में 30 को होंगे सेवा कार्य

**धमतरी।** नगर पालिक निगम के तत्वावधान में महात्मा गांधी के निर्माण दिवस के अवसर पर 30 जनवरी को गांधी आश्रम रानीबगीचा धमतरी में सेवा एवं जनहित से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन करेंगी। विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति के प्रभारी सदस्य निलेश लुनिया, लेडिस क्लब की अध्यक्ष श्रीमती काजल सिन्हा, रोटरी एवं इनरव्हील क्लब से रामकृष्ण साहू तथा गहोई वैश्य महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती अनीता खरया होंगी। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से भोजन, फल, अन्नदान, आलूचना वितरण जैसे सेवा कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। आश्रम की प्रभारी डॉ.विजयलक्ष्मी सिंह ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### गौधाम तुमाबुजुर्ग में भजन संध्या आज

**धमतरी।** मां अंगारमोती गौधाम तुमाबुजुर्ग में 29 जनवरी गुरुवार को शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्व. राकेश गुप्ता (दाऊ जी) की स्मृति में आयोजित इस भजन संध्या में श्री रामधुनी परिवार धमतरी द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। अध्यक्ष दीपक लखोटिया ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

### भाजपा सरकार योजना का नाम बदलने में जुटी : खिलेंद्र



**धमतरी।** धमतरी ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलेंद्र ध्रुव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि जबसे भाजपा की सरकार बनी है, तब से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) लगातार ठप पड़ी हुई है। गांवों में न तो पर्याप्त काम स्वीकृत हो रहे हैं और न ही मजदूरों को समय पर मजदूरी मिल रही है, जिससे ग्रामीण गरीबों का जीवन कठिन हो गया है। श्री ध्रुव ने कहा कि रोजगार देने की जिम्मेदारी निभाने के बजाय भाजपा सरकार योजना का नाम बदलने की राजनीति में लगी हुई है। सरकार की प्राथमिकता गरीबों को काम देने की नहीं, बल्कि दिखावटी फैसलों से अपनी नाकामी छिपाने की है। इसका खामियाजा गांव के मजदूर, किसान और जरूरतमंद परिवार भुगत रहे हैं।

कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए माशिमं से मांगी गई गाइडलाइन

# त्रैमासिक-अर्धवार्षिक का अंक लेकर तैयार किया जाएगा वार्षिक परीक्षाफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पहली, दूसरी, तीसरी चौथी, छठवीं और सातवीं कक्षा तक छात्रों को वार्षिक रिजल्ट में अच्छा लाभ मिलेगा। उनके रिजल्ट में त्रैमासिक परीक्षा का 20 और अर्धवार्षिक परीक्षा का 20 प्रतिशत अंक जोड़ा जाएगा। कक्षा पांचवीं और आठवीं बोर्ड है, इसलिए इसमें अर्धवार्षिक परीक्षा का 30 प्रतिशत अंक वार्षिक रिजल्ट में जोड़ा जाएगा। 9वीं और 10वीं कक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल से गाइडलाइन मांगी गई है। पिछले कई साल से देखने में आ रहा है कि प्राइमरी कक्षा से लेकर हायर सेकेंडरी तक की कक्षाओं में छात्र त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षा की अनदेखी कर रहे हैं। इन परीक्षाओं में छात्रों के शामिल नहीं होने से वार्षिक परीक्षा में उनकी तैयारी भी कमजोर हो जाती है। स्थिति को देखते हुए इन छात्रों को त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी रणनीति के तहत त्रैमासिक और अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजल्ट का कुछ अंश वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में शामिल करने किया जाएगा, ताकि छात्र अच्छा रिजल्ट लाने के लिए इन परीक्षाओं को गंभीरता से लें। जानकारी के अनुसार पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं और सातवीं कक्षा में त्रैमासिक परीक्षा का 20, अर्धवार्षिक परीक्षा का 20 प्रतिशत अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में शामिल किया जाएगा। वार्षिक परीक्षा का 60 प्रतिशत अंक रिजल्ट में लिया जाएगा। इसी प्रकार पांचवीं और आठवीं कक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा का 30 प्रतिशत अंक लिया जाएगा। वार्षिक परीक्षा का 70 प्रतिशत अंक रिजल्ट में शामिल किया जाएगा।

### माशिमं को भेजा प्रस्ताव

हाई और हायर सेकेंडरी स्तर पर भी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की नीयत से इसी प्रकार बदलाव किए जाने हैं। इसमें भी अर्धवार्षिक परीक्षा का 30 प्रतिशत और वार्षिक परीक्षा का 70 प्रतिशत अंक लेकर वार्षिक रिजल्ट तैयार किया जाएगा। इन कक्षाओं में परीक्षा संबंधी सभी गतिविधियां छग माध्यमिक शिक्षा मंडल से निर्धारित की जाती हैं। इस पर निर्णय के लिए शासन से छग माशिमं को प्रस्ताव भेजा गया है।

### प्रोजेक्ट वर्क अनिवार्य

पांचवीं की बोर्ड परीक्षा में कुल अंक 50 होंगे, जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा एवं 10 अंक प्रोजेक्ट वर्क के होंगे। कक्षा 8वीं में कुल अंक 100 होंगे, जिसमें 80 अंक लिखित परीक्षा एवं 20 अंक प्रोजेक्ट वर्क के होंगे। कक्षा 5वीं में 5-5 अंक (कुल 10 अंक) के दो प्रोजेक्ट वर्क एवं कक्षा 8वीं में 10-10 अंक (कुल 20 अंक) के दो प्रोजेक्ट वर्क परीक्षा पहले ही दिया जाएगा।

# धर्म मंच से समाज को मिलती है नई दिशा : पं.राजेश शर्मा

- कुर्रा में मानस प्रतियोगिता, सुभाषनगर की शिव महापुराण कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिले में आयोजित धार्मिक आयोजनों ने समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया। एक ओर ग्राम कुर्रा में तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन एवं मानस प्रतियोगिता का समापन भक्तिभाव से हुआ, वहीं सुभाषनगर वार्ड में गौरी सेवा मंडली समिति द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कुर्रा में समापन अवसर के मुख्य अतिथि समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि रामचरित मानस मनुष्य को जन्मभूमि, कर्मभूमि और देवभूमि तीनों के प्रति समर्पण एवं सेवा का भाव सिखाता है। यही भावना राष्ट्र को एकता और मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने नई पीढ़ी में धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के संस्कारों को घर-घर पहुंचाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि रामायण केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन पद्धति है।

इधर सुभाष नगर में शिव महापुराण कथा में शामिल होकर पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि जीवन की दिशा और दशा को धर्म ही सही मार्ग देता है, जिसके लिए श्रद्धा और विश्वास अनिवार्य है। व्यासपीठ से कथावाचन करते हुए पंडित प्रदीप तिवारी ने कहा कि समाज को सही दिशा देने का सबसे सार्थक माध्यम धर्म मंच है। भगवान शंकर की महिमा और प्रकृति पूजन का संदेश आज की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है। पारायणकर्ता पंडित राजकुमार तिवारी द्वारा विधिवत पूजा-अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है।

दोनों आयोजनों में अमन राव, मुरली यदु, दानीराम साहू, घासीराम साहू, पिंटू यादव, कुलेश सोनी, हिमानी साहू, पूर्णिमा देवांगन, लक्ष्मीनारायण साहू, भागवत साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजजन उपस्थित थे।

# रकबा समर्पण बंद कर नियमित धान खरीदी व टोकन पोर्टल पुनः चालू करने की मांग

- किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक ने कलेक्टर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में धान खरीदी के दौरान किसानों को हो रही लगातार समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ओंकार साहू ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर किसानों के पक्ष में मजबूती से अपनी बात रखी। विधायक ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के कारण किसान मानसिक और आर्थिक दोनों रूप से परेशान हैं, जिसे तत्काल दूर किया जाना आवश्यक है। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि किसानों से जबरन रकबा समर्पण कराया जाना पूरी तरह अनुचित है और इसे तत्काल प्रभाव से बंद किया जाना चाहिए। धान खरीदी की प्रक्रिया को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल की तरह नियमित, सरल और किसान हितैषी बनाया जाए, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की बाधा न आए।

विधायक साहू ने कलेक्टर का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराया कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं, जिनका धान अब तक नहीं खरीदा जा सका है। ऐसे सभी किसानों के लिए पुनः टोकन काटने हेतु पोर्टल तत्काल चालू किया जाए। इस पर कलेक्टर ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जा रही है तथा शीघ्र ही बचे हुए किसानों के लिए दोबारा टोकन काटने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

### राजिम कुंभ कल्प मेला 1 से दालभात केन्द्रों की निगरानी के लिए लगी ड्यूटी

**धमतरी।** आगामी एक फरवरी से राजिम कुंभ कल्प मेला शुरू होने जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राजिम कुंभ कल्प मेला में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं, तीर्थ यात्रियों के लिए दालभात केन्द्र संचालित किया जाना है। आबंटित दालभात केन्द्रों का प्रतिदिन चावल प्रदाय करना, दालभात वितरित कराना, प्रतिदिन दालभात केन्द्र संचालित हो रहा या नहीं इत्यादि के सतत निरीक्षण एवं निगरानी के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सहायक खाद्य अधिकारी कुरूद आशीष चन्द्राकर की 1 से 3 फरवरी, सहायक खाद्य अधिकारी धमतरी भेलेन्द्र ध्रुव की 4 से 6 फरवरी, खाद्य निरीक्षक निलेश चन्द्राकर की 7 से 9 फरवरी, खाद्य निरीक्षक वैभव कोरटिया की 10 से 12 फरवरी, खाद्य निरीक्षक कुरूद नीतूसिंह नेताम की 13 से 15 फरवरी और खाद्य निरीक्षक श्वेता दीवान की 1 फरवरी से 15 फरवरी तक ड्यूटी लगाई गई है।

# घर-घर पहुंची शोभायात्रा, भाव विभोर होकर श्रद्धालुओं ने की पूजा

## मराठापारा में हुआ श्रीमद भागवत महापुराण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मराठापारा में श्रीमद भागवत महापुराण के समापन पर श्रद्धालुओं ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा हर द्वार पहुंची, जहां पर लोगों ने भाव-विभोर होकर पूजा अर्चना की। इससे पहले कृष्ण जन्म पर लोगों ने खूब पटाखे फोड़े और जमकर मिठाइयां, चाकलेट बांटी।

मराठापारा में श्रीमद भागवत महापुराण का समापन हवन पूजन, कपिला तर्पण और भंडारा के साथ 27 जनवरी को हुआ। इससे एक दिन पहले पूरे मोहल्ले में शोभायात्रा निकाली गई।आयोजनकर्ता जितेंद्र जगताप और परिवार ने लड्डु गोपाल और सिर पर भागवत महापुराण को लेकर मोहल्ले का भ्रमण किया। घरों के सामने श्रद्धालुओं ने आकर्षक रंगोली बना रखी थी। चौका भी लगाया था। गेट पर भागवत की शोभायात्रा पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर पूजा-अर्चना की। शोभायात्रा में मराठापारा सहित आसपास मोहल्ले के श्रद्धालु भी शामिल हुए। कथा के पांचवें दिन भी आयोजन स्थल में उत्साह का माहौल था जहां पर कृष्णजन्म कथा सुनाई गई। इस दौरान जीवंत झांकी भी निकाली गई थी। कथा स्थल पर आयोजकों ने भरपूर व्यवस्था की है। कथाव्यास बाल विदूषि देवी भूमिका ने कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है।

# जनपद उपाध्यक्ष ने बीईओ कार्यालय में किया ध्वजारोहण

- भारतीय संविधान हमें समानता का अधिकार देता है : केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





गणतंत्र दिवस पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय परिसर में जनपद उपाध्यक्ष केशव साहू ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि देश की वास्तविक शक्ति उसके नागरिकों में निहित है। भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है, साथ ही हमारे कर्तव्यों का भी बोध कराता है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह संविधान द्वारा निर्धारित नियमों और आदर्शों का पालन करे। गणतंत्र दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि अपने मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों पर आत्मचिंतन का अवसर भी है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। अतिथियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धनका संकल्प लिया।

मौके पर जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, हरिनारायण साहू, बृजेश जगताप, खिलेंद्र ध्रुव, योगेश मरकाम, सहायक बीईओ सहित कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# आज होगी सुदामा चरित्र की कथा



**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा के बजरंग चौक में 23 से 31 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन जारी है। कथावाचक पं. कालेश्वरप्रसाद तिवारी जेंजरा राजिम हैं। 28 जनवरी की सुबह विधिवत पूजन पश्चात व्यासपीठ पर विराजमान महाराज कालेश्वर द्वारा रूक्मणि विवाह की कथा सुनाई गई। उन्होंने बताया कि यह कथा विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणि के भगवान कृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और उनके साहसी हरण की कहानी है। रुक्मणि, कृष्ण को मन ही मन पति मान चुकी थीं, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने शिशुपाल के साथ उनका विवाह तय किया था। रुक्मणि द्वारा भेजे गए पत्र पर कृष्ण ने विवाह के दिन उनका हरण किया और द्वारका में विधिवत विवाह संपन्न किया। यह पौराणिक कथा भगवान विष्णु की शक्ति (लक्ष्मी अवतार रुक्मणि) और कृष्ण के मिलन का प्रतीक है, जिसे रुक्मणि अष्टमी के रूप में भी जाना जाता है। श्रीमद भागवत कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 29 जनवरी को कथावाचक द्वारा सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। 30 जनवरी को परमधाम कथा के प्रवचन के बाद शोभायात्रा निकाली जायेगी। 31 जनवरी को गीतासार, पूर्णाहुति के साथ महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा।

धमतरी ब्लॉक में प्राचार्य मंच की ब्लॉक इकाई गठित

# रामानंद साहू अध्यक्ष, किशोर साहू बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धमतरी ब्लॉक के प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक बीआरसी भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य मंच के जिलाध्यक्ष टीआर नागवंशी, सचिव गेवाराम नेताम, वरिष्ठ प्राचार्य राजकुमार शर्मा, पूनम पांडे एवं प्रतिमा साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्राचार्य संवर्ग से जुड़ी विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम को लेकर प्राचार्यों पर पड़ रहे प्रशासनिक व मानसिक दबाव, केवल अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के प्रस्ताव को निरस्त करने तथा शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ऑनलाइन बैठक में अनुपस्थित रहे प्राचार्यों के वैध स्पष्टीकरण को डीईओ द्वारा अमान्य किए जाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

इसके पश्चात संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से धमतरी ब्लॉक प्राचार्य मंच की ब्लॉक इकाई का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। इसमें रामानंद साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमा को अध्यक्ष, प्रतिमा साहू शा.उ.मा.वि. बागतराई को उपाध्यक्ष, किशोर साहू शासकीय हाई स्कूल सांकरा पी को सचिव तथा केशव कुमार साहू शासकीय हाई स्कूल अमलीडीह को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

अपने उद्बोधन में जिलाध्यक्ष टीआर नागवंशी ने प्राचार्य संवर्ग की समस्याओं के निराकरण हेतु एकजुटता व सक्रियता पर बल देते हुए अन्य ब्लॉकों में भी इकाई गठन के बाद जिला इकाई के पुनर्गठन की बात कही। बैठक में अमिता ध्रुव, नमिता तिवारी, चित्रलेखा बंजारे, चंपा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में प्राचार्यगण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
स्पेशल ट्रेन
10 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020